भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3947
जिसका उत्तर 19.12.2024 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण

3947. श्री नवीन जिंदल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या निर्माण क्षेत्र के समक्ष आ रही कतिपय चुनौतियों के कारण वर्ष 2024-25 के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण की गति धीमी पड़ने की आशंका है; और

(ख) यदि हां, तो इसके विस्तृत कारण क्या हैं और सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठा रही है कि राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण बिना किसी बाधा के वांछित गति से जारी रहे?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) सरकार ने 2024-25 के दौरान लगभग 10,400 किलोमीटर की सड़क के निर्माण का लक्ष्य रखा है और नवंबर, 2024 तक लक्ष्य का लगभग 46% हासिल कर लिया गया है। भूमि अर्जन, अतिक्रमण हटाने, कानून और व्यवस्था, जनोपयोगी सुविधाओं का स्थानांतरण, मिट्टी/ढेर की अनुपलब्धता, पर्यावरण/वन/वन्यजीव मंजूरी, आरओबी और आरयूबी मुद्दे, संविदा संबंधी मुद्दे आदि के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा निर्माण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राज्य सरकारों, कार्यान्वयन एजेंसियों और अन्य हितधारकों के साथ समन्वय में चुनौतियों पर काबू पाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

******